प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 24.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत, सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा देगा।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायतीराज दिवस पर आज 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का किया वर्चुअल शुभारंभ–'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान की भी शुरूआत की।

3– बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कई माओवादियों के मारे जाने की खबर–तीन महिला माओवादियों के शव बरामद।

4– बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान ग्रीष्म लहर चलने की संभावना–बस्तर संभाग में एक–दो स्थानों पर हो सकती है हल्की बारिश।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>प्रधानमंत्री–आतंकी हमला</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है।

**इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन साथी खोया। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ा बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओडिया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है।**

श्री मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया।

<u>दिनेश मिरानिया–श्रद्धांजलि</u>

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में दो दिन पहले हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले छत्तीसगढ़ के दिवंगत कारोबारी दिनेश मिरानिया का आज रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले, राज्यपाल रमेन डेका ने आज सुबह श्री मिरानिया के घर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री मिरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया। उन्होंने दिवंगत दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत ने देश की आत्मा पर चोट किया है। आतंकवादियों ने पर्यटकों के जरिए कश्मीर और देश को अस्थिर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि देश एकजुटता के साथ इस अमानवीय कृत्य का बदला लेगा।

इस बीच, भाजपा की प्रदेश इकाई ने भी आतंकी हमले में दिवंगत दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि मानवता को शर्मसार करने वाले आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किया गया हमला निंदनीय है। पूरा देश पीड़ित परिवार के साथ है, एक भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्र–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस मौके पर जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश की ग्यारह हजार छह सौ तिरानवे ग्राम पंचायतों में 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान की भी शुरूआत की गई। वहीं, पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आव्हान करते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से प्रदेश के एक हजार चार सौ साठ ग्राम पंचायतों में 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' की शुरूआत हुई है और आने वाले समय में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश की सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगी। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इसी गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के हितग्राहियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## नड्डा–खसरा–रूबेला अभियान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज विश्व टीकाकरण सप्ताह के पहले दिन नई दिल्ली में वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए खसरा–रूबेला का पूरी तरह उन्मूलन करने के अभियान की शुरुआत की। इस अभियान से वर्ष दो हजार छब्बीस तक खसरा और रूबेला का देश में पूरी तरह उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर श्री नड्डा ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से टीकाकरण अभियान की जानकारी देने के लिए बैठकें आयोजित करने को कहा है। उन्होंने राज्यों से खसरा और रूबेला से बचाव के टीकाकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सभी विधायकों, सांसदों, स्थानीय निकायों और पंचायत प्रमुखों की भागीदारी का भी आव्हान किया।

## राज्यपाल–बलरामपुर/जशपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज बलरामपुर–रामानुजगंज जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छाग्राही दीदियों को सम्मानित भी किया। इसी तरह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न महिला स्व–सहायता समूहों को चक्रीय निधि और बैंक लिंकेज द्वारा लगभग उनहत्तर लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं, प्रधानमंत्री जन–मन आवास योजना के तहत एक हितग्राही को आवास की चाबी भी सौंपी गई।

इसके अलावा राज्यपाल ने जशपुर प्रवास के दौरान जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में लगभग पैंतीस हितग्राहियों को समाग्रियों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की और टी.बी. मरीजों की सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

## माओवादी–मुठभेड़/आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में कई माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इनमें से तीन महिला माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी पहचान पीएलजीए बटालियन नंबर–एक की सदस्य के रूप में हुई है। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों ने हथियार और विस्फोटक के साथ अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण–पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र के अंतर्गत अंतर्राज्यीय सीमा के जंगल में माओवादियों के संगठन के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की संयुक्त टीम रवाना हुई है। सुरक्षा बलों ने पहाड़ी को घेर लिया है और ऑपरेशन जारी है। वहीं, ड्रोन के जरिये ऑपरेशन की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से मिले निशान से और भी माओवादियों के मारे जाने की संभावना जताई है।

इस बीच, कबीरधाम जिले में आज सात लाख रूपये के इनामी माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आत्मसमर्पित पुरूष माओवादी जीआरबी डिवीजन कमेटी में प्लाटून नंबर–एक और उसकी पत्नी टांडा एरिया कमेटी में सदस्य के रूप में सक्रिय थी। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी दंपत्ति को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

## नेलांगुर–कैम्प

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी ने माओवाद विरोधी माड़ बचाओ अभियान के तहत नारायणपुर जिले के सीमावर्ती ग्राम नेलांगुर में नया कैम्प स्थापित किया है। आईटीबीपी के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अब तक आईटीबीपी ने अबूझमाड़ क्षेत्र में पांच नए कैंप स्थापित किए हैं। इनमें महाराष्ट्र सीमा से लगे 'नेलांगुर' भी शामिल है। इस कैम्प के स्थापित होने से दुर्गम और घने जंगलों में सुरक्षा बलों को माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाने में मदद मिलेगी।

## उद्योग मंत्री–मुंबई सम्मेलन

वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आज मुंबई में आयोजित 'इंडिया स्टील' सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ को इस्पात उत्पादन और औद्योगिक निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ राज्य बताया। श्री देवांगन ने इस्पात क्षेत्र में राज्य सरकार की नीति, पारदर्शिता और प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी और देश–विदेश के निवेशकों से राज्य के औद्योगिक विकास में साझेदार बनने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि देश को इस्पात उत्पादन का वैश्विक केन्द्र बनाने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभाएगा।

इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

## एम्स रायपुर–किडनी ट्रांसप्लांट

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर ने अपना पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसे किडनी पेयर ट्रांसप्लांट के रूप में भी जाना जाता है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें गुर्दे की विफलता से पीड़ित मरीज के पास अपना गुर्दा दान करने वाला एक इच्छुक व्यक्ति तो होता है, लेकिन यदि असंगत रक्त समूह या फिर एचएलए एंटीबॉडी की उपस्थिति के कारण वह गुर्दा दान करने में असमर्थ है, तो ऐसी स्थिति में किसी अन्य असंगत जोड़ी के साथ गुर्दा देने वालों की अदला–बदली करके भी प्रत्यारोपण कराया जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद एम्स रायपुर नए संस्थानों के साथ ही छत्तीसगढ़ का भी पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसने इस जटिल जीवन रक्षक शल्य चिकित्सा को पूरा किया है।

## मौसम

### मौसम का हाल–

प्रदेश के बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। वहीं, कल बस्तर संभाग के जिलों में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण छब्बीस अप्रैल से बस्तर संभाग में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

इस बीच, मौसम विभाग ने बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>